# एनसीसी आख्या

महाविद्यालय में सन 2014 से 22 यूपी गर्ल्स बटालियन, एनसीसी मेरठ से संबद्ध एनसीसी की बालिका इकाई सफलता पूर्वक संचालित है। इकाई में कुल 55 सीट हैं। इकाई का कुशलतापूर्ण संचालन कमीशन प्राप्त एनसीसी अधिकारी लेफ़्टिनेंट (डा.) लता कुमार द्वारा किया जा रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य के संरक्षण और बटालियन कमांडिंग आफिसर के निर्देशानुसार  महाविद्यालय इकाई सतत सेवा, प्रशिक्षण, जनजागरुकता और शासन की मंशानुरूप विविध गतिविधियों के संचालन में सदैव तत्पर रहती है। सत्र के दौरान एन०सी०सी० अधिकारी लैफ्टि० डा० लता कुमार के नेतृत्व में 10 जुलाई से चलने वाले वृक्षारोपण पखवाड़े के अंतर्गत निरंतर वृक्षारोपण किया गया। कैडेट्स द्वारा अपने आवासीय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया गया जिनमें कैडेट्स द्वारा आम, अमरुद, आंवला, जामुन, कनेर, अमलतास, बिल्वपत्र जैसे अनेक छायादार और फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। इसके साथ ही एनसीसी यूनिट द्वारा वृक्षारोपण जागरुकता हेतु एक स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान कैडेट दीपांशी बंसल, द्वितीय स्थान सार्जेन्ट इकरा खातून तथा तृतीय स्थान सीनियर अंडर आफिसर मुस्कान वर्मा ने प्राप्त किया। 45 कैडेट्स द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

दि० 26.07.20 को एन०सी०सी० इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस का अॉनलाइन आयोजन कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कैडेट्स और एनसीसी अधिकारी लैफ्टिनेंट लता कुमार द्वारा  एनसीसी मेरठ ग्रुप द्वारा आयोजित वेबिनार में सहभागिता की गई। तत्पश्चात कैडेट्स द्वारा कारगिल विजय और देशभक्ति आधारित कविता लेखन और अॉनलाइन कविता पाठ का आयोजन किया गया। कविता लेखन में 20 कैडेट्स ने प्रतिभागिता की जिसमें रश्मि शर्मा ने प्रथम, कैडेट स्वाति ने द्वितीय और सीनियर अंडर अॉफिसर मुस्कान वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कारगिल विजय स्मृतियां और शहादत् आधारित कविता पाठ में 10 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया, जिसमें सार्जेंट इकरा खातून ने प्रथम, कैडेट दीपांशी बंसल ने द्वितीय तथा अंडर अॉफिसर जानवी अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डा० संध्या रानी ने कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कैडेट्स को राष्ट्र सेवा में योगदान के लिए प्रेरित करते हुए कारगिल विजय के नायकों का स्मरण किया। कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कैडेट्स ने आकर्षक पोस्टर बनाकर उनका प्रस्तुतिकरण किया। कारगिल शहीदों की स्मृति में  कैडेट्स द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। समस्त कार्यक्रमों में सीनियर अंडर आफिसर कु० मुस्कान वर्मा, अंडर आफिसर कु० जानवी, कैडेट्स इशिका बर्मन , अंडर आफिसर शालू, सपना, मानसी, सार्जेंट रीनू रानी, आशा, चंचल, इकरा, फातिमा, उपासना, भारती, रुपाली, निक्की, हिमांशी, रश्मि शर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई।

दि० 15.08.2020 को स्वतंत्रता दिवस समारोह में एनसीसी कैडेट्स ने राष्ट्रगान के साथ ध्वज को सलामी दी। कैडट्स ने देशभक्ति पूर्ण नारे लगाए।

०2 अक्टूबर, 2020 को गांधी जी एवं शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर एनसीसी अधिकारी लैफ्टिनेंट लता कुमार के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान एवं वृक्षारोपण किया गया। समस्त कार्यक्रमों में कैडेट्स ने सामाजिक दूरी और मास्क के साथ सहभागिता की।

दिनांक 12 अक्टूबर, 2020 को 1 पीएल, 2/22 गर्ल्स बटालियन, एनसीसी इकाई, द्वारा  'नई शिक्षा नीति-2020 और एनसीसी : भूमिका और अवसर' विषय पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित  प्रो. वाई. विमला, प्रति कुलपति, चौ. चरण सिंह विश्व विद्यालय, मेरठ, मुख्य वक्ता डा. बीपी अशोक डीलिट (आईपीएस), गेस्ट अॉफ अॉनर रहे प्रो. राजीव गुप्ता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ एवं सहारनपुर मंडल,  आमंत्रित वक्ता के रुप में मेजर पूजा सिंह (सेवानिवृत्त) भारतीय सेना, सेना वायुरक्षा वाहिनी, अतिथि वक्ता मेजर

रुप सिंह नागर, पूर्व जनसंपर्क अधिकारी, 37 उ.प्र. बटालियन, एनसीसी, गाजियाबाद तथा आमंत्रित वक्ता के रुप में लैफ्टिनेंट लवजी केएन, एनसीसी अधिकारी, विमला कॉलेज, त्रिशूर (केरल) ने नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति और एनसीसी के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की 22 यूपी गर्ल्स बटालियन, एनसीसी, मेरठ के कमान अधिकारी कर्नल पंकज साहनी और शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, मेरठ के प्राचार्य प्रो. दिनेश चन्द के संयुक्त संरक्षण में आयोजित इस वेबिनार की अध्यक्षता करते हुए प्रो. दिनेश चन्द ने वेबिनार की आयोजन सचिव लैफ्टिनेंट डा. लता कुमार रहीं। वेबिनार का आयोजन जूम ऐप पर किया गया जिसे पूरे देश भर में लगभग 400 प्रतिभागियों द्वारा यूट्यूब चैनल से सीधा प्रतिभाग किया गया।

दिनांक 15 अक्टूबर, 2020 को उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 'विश्व हाथ धुलाई दिवस' पर जागरुकता और व्यवहार परिवर्तन संबंधी कार्यक्रम में एनसीसी इकाई ने आयोजन और सहभागिता की जिसमें एनसीसी कैडट्स ने स्वयं हाथ धोना सीखा और दूसरों को भी प्रशिक्षित किया।

'मिशन शक्ति' अभियान के अंतर्गत दि. 19.10.2020 छात्राओं और बालिकाओं की सुरक्षा हेतु छह दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम 'आयुध' का शुभारंभ किया गया। आत्मरक्षा अभियान के अंतर्गत शोतोकाई इंटरनेशनल कराटे फेडरेशन से श्री सिहान सिराज अहमद ने एनसीसी कैडट्स व छात्राओं को कराटे की आधारभूत जानकारी दी और अभ्यास कराया । कार्यक्रम का संयोजन व संचालन समिति संयोजक डा. लता कुमार ने किया। डा. सत्यपाल सिंह राणा और पूनम भंडारी ने सहयोग किया।

एनसीसी इकाई द्वारा डीजी एनसीसी के निर्देशानुसार आयोजित ऑनलाइन स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत विविध जागरूकता संबंधी आयोजन किए गए आयोजनों की इस श्रृंखला में दि. 10 नवंबर 2020 को 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 15 कैडट्स ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंडर आफिसर सपना एवं कैडेट आयुषी अग्रवाल ने संयुक्त रूप से, द्वितीय स्थान कैडेट अदीसा तथा तृतीय स्थान सीनियर अंडर आफीसर मुस्कान तथा कैडट अनुष्का राठौर ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया।

11 नवंबर 2020, को 'स्वच्छ भारत, सतत् अभियान' विषय पर एक ऑनलाइन वेबिनार का का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि प्रो. दिनेश चन्द, प्राचार्य रहे। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती नीता गुप्ता, लोक गायिका व ब्रांड एंबेसडर स्वच्छ भारत अभियान नगर निगम मेरठ ने कैडेट्स को अपनी मधुर आवाज में स्वच्छता संबंधित गीत सुना कर उन्हें स्वच्छ भारत अभियान में सतत् संलग्न रहने की प्रेरणा प्रदान की, साथ ही आपने स्वच्छता अभियान को भारत के राष्ट्रीय गौरव का विषय बताया। वेबिनार में विशिष्ट वक्ता के रुप में उपस्थित रहीं डॉ अनीता गोस्वामी, एसोसिएट प्रोफेसर-इतिहास एवं नोडल अधिकारी-एक भारत श्रेष्ठ भारत रहीं। वेबिनार में महाविद्यालय एनसीसी इकाई से 35 कैडेट्स ने सहभागिता की। वेबिनार का संयोजन और संचालन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ लता कुमार ने किया।

दि. को मिशन शक्ति के अंतर्गत दीपोत्सव पर महाविद्यालय एनसीसी इकाई की ओर से 'मिशन शक्ति रंगोली प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया जिस में २० से अधिक कैडेट्स ने दीपावली पर्व पर महिला सशक्तिकरण अभियान पर आधारित आकर्षक रंगोली अपने घर में बनाकर प्रेषित कीं।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कैडेट रीनू रानी, द्वितीय स्थान कैडेट रिंकी यादव तथा तृतीय स्थान कैडेट रितिका त्यागी ने प्राप्त किया।

दि. 05 दिसंबर 2020 को कैडेट्स द्वारा एन०सी०सी० अधिकारी लैफ्टि० डा० लता कुमार के निर्देशन में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में परिसर की स्वच्छता कर स्वैच्छिक श्रमदान किया।

दि. 14 दिसंबर 2020 को एन०सी०सी० इकाई द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता में कैडेट रश्मि शर्मा ने प्रथम, कैडेट उमा ने द्वितीय और कैडेट काजल तथा गीतांजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दि. को स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत सार्वजनिक स्थल पर मेट्रो प्लाजा चौक पर स्थित अम्बेडकर जी की मूर्ति और परिसर की स्वच्छता कर स्वैच्छिक श्रमदान किया। अंडर आफिसर जानवी अग्रवाल, कैडेट रितिका, इल्मा, दीपांशी, रश्मि, काजल सहित 25 कैडेट्स ने स्वैच्छिक श्रमदान किया तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

दिनांक 01.12.2020 को एनसीसी इकाई द्वारा एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैडेट्स ने सामाजिक दूरी का पालन करते हुए एनसीसी अधिकारी लैफ़्टि. डॉ. लता कुमार सहित महाविद्यालय प्राध्यापकों को लाल फीता लगाकर एड्स जागरूकता का आह्वान किया ऐड्स जागरूकता अभियान में भागीदारी की शपथ दिलाई। लैफ़्टि. डॉ. लता कुमार ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि ऐड्स जानलेवा है, संयम ही अपने और दूसरों को बचा सकता है। जागरूकता के द्वारा ही हम इसको नियंत्रित कर सकते हैं। इस अवसर पर कैडेट्स के मध्य एड्स बचाव पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

दिनांक 21 दिसंबर 2020 को उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एनसीसी अधिकारी लता कुमार द्वारा एनसीसी कैडेट्स को महिला अधिकारों के प्रति जागरूक कर सशक्त बनाने हेतु मिशन शक्ति अभियान से परिचय कराया गया। एनसीसी इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कैडेट्स ने मिशन शक्ति के शासन द्वारा जारी लोगो का चित्रण कर इस अभियान के प्रति अपनी जागरुकता प्रदर्शित की।

दिनांक 22:12 2020 को

वहीं मिशन शक्ति के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स द्वारा नारी सुरक्षा एवम् सशक्तिकरण हेतु शपथ ग्रहण की गई। साथ ही महाविद्यालय में मिशन शक्ति जागरूकता अभियान भी चलाया गया।

दि० 21.01.2021 को शासन के निर्देश के क्रम में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात समिति एवं एनसीसी इकाई के तत्वावधान में छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी और यातायात जागरुकता पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें श्री सुनील कुमार शर्मा, मुख्य प्रशिक्षक यातायात एवं उपसचिव मिशिका सोसायटी, मेरठ मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

दिनांक 30.01.2021 को शहीद दिवस के अवसर पर गाँधी जी आधारित कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान कु. इकरा, द्वितीय स्थान कु. मुस्कान तथा तृतीय स्थान कु. सलोनी वर्मा ने प्राप्त किया।

12 फ़रवरी 2021 सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा पर एक रैली का आयोजन किया। रैली में कैडेट्स ने सड़क पर लोगों को हेलमेट के लिए जागरुक करते हुए, अतिक्रमण हटाने के लिए भी जागरुक किया। सड़क सुरक्षा विषय पर दि. 28.01.2021 को आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कैडेट तनु, द्वितीय स्थान कैडेट दीपांशी बंसल और तृतीय स्थान कैडेट नैना सागर ने प्राप्त किया। दि. 29.01.2021 को 'सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा' विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कैडेट तनु कश्यप, द्वितीय स्थान कैडेट रश्मि शर्मा और तृतीय स्थान कैडेट काजल ने प्राप्त किया।

दि. 04 फरवरी, 2021 को शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत एनसीसी इकाई द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत बेटी बचाओ पर जागरूकता रैली का आयोजन रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. दिनेश चंद ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में कैडेट्स ने महिला सुरक्षा और जागरूकता सम्बन्धी स्लोगन हाथों में लेकर जन जागरण का प्रयास किया। रैली में सार्जेंट जानवी अग्रवाल, श्रेया यादव, कैडेट सुबधी, रितिका, सपना, शालू सहित 35 कैडेट्स ने प्रतिभागिता की।

वहीं महाविद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत मिशन शक्ति समिति और शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में छात्राओं हेतु आत्म रक्षा प्रशिक्षण के पंच दिवसीय शिविर में 25 एनसीसी कैडेटस ने सहभागिता की और प्रशिक्षण प्राप्त किया।

दि. 10.03.2021 को मिशन शक्ति के अंतर्गत एनसीसी इकाई द्वारा 'बालिकाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता ' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में डा. गौरी, सहायक प्रोफ़ेसर-गृहविज्ञान ने कैडेटस को मानव स्वास्थ्य के विभिन्न प्रकारों से परिचित कराया और बालिकाओं को अपने स्वास्थ्य को कैसे बनाए रखना है, इस पर विस्तृत चर्चा की। आयोजन में 35 कैडेट्स ने सहभागिता की।

दि. 19.03.2021 को एनसीसी इकाई द्वारा गौरैय्या दिवस का आयोजन गया। इस अवसर पर कैडेट्स ने गौरैय्या के घोंसले निर्मित कर वितरित किए और गौरैया संरक्षण की शपथ ली। आयोजन में प्रथम वर्ष के 20 कैडेट्स ने सहभागिता की।

दि. 22.03.2021 को एनसीसी इकाई द्वारा विश्व जल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण आधारित एक स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गाया जिसमें कैडेट्स ने जल संरक्षण की आवश्यकता और महत्व आधारित स्लोगन तैयार किए। एनसीसी अधिकारी डा. लता कुमार ने विश्व जल दिवस के आयोजन और जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। समिति सदस्य डा. भारती शर्मा ने जल संरक्षण के लिए घर में ही छोटे छोटे प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया। आयोजन में प्रथम वर्ष के 20 कैडेट्स ने सहभागिता की।

दि. 01 मई 2021 को एनसीसी इकाई द्वारा श्रमिक दिवस पर एक स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में पंद्रह कैडेट्स ने प्रतिभागिता की। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कैडेट फ़ातिमा खान और द्वितीय स्थान कैडेट ख़ुशी ने प्राप्त किया तथा स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कैडेट दीपांशी बंसल और द्वितीय स्थान कैडेट ख़ुशबू राजपूत ने प्राप्त किया।

दि 21.06.2021 को एनसीसी निदेशालय और आयुष मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार एनसीसी इकाई द्वारा आनलाइन गतिविधियों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैडेट्स ने डिजिटल फ़ॉर्म पर पंजीकरण कर 'एनसीसी फ़ॉर योग' के अंतर्गत अपनी योग वीडियो को अपलोड किया। 'योग विद फैमिली' के तहत् कैडेट्स द्वारा अपने और अपने पड़ोस के परिवारों को योग करवाया। कैडेट्स ने हलासन, धनुरासन,

वज्रासन, प्राणायाम, भुजंगासन, कोणासन, ताड़ासन और अनुलोम-विलोम आदि योग क्रियाओं को करते हुए, लोगों को प्रेरित और प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें कैडेट रितिका त्यागी ने प्रथम, कैडेट उमा ने द्वितीय और कैडेट रिंकी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके अतिरिक्त एनसीसी इकाई द्वारा चौरी चौरा शताब्दी समारोह, मिशन शक्ति, राष्ट्रीय पर्वों, क्रीड़ा समारोह तथा वार्षिक समारोह में भी सक्रिय सहभागिता की गई। सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत कैडेटस को परिवहन विभाग, मेरठ द्वारा नक़द पुरस्कार प्रदान किए गए।

**लैफ्टि० डा० लता कुमार**

**एनसीसी अधिकारी**